OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

Industrial Tour Orient Paper Mils

प्रतिवेदन

शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर , जिला –अनूपपुर (म.प्र.)

औद्योगिक भ्रमण

ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई, जिला – शहडोल (म.प्र)

उच्च शिक्षा (रूसा) भोपाल का पत्र क्रमांक \ 924 \रूसा \वि.बै .परि.\ 2021, भोपाल ,दिनांक 04\06\2022 के परिपालन में शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में अध्यनरत रसायन विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र \ छात्राओ को महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में प्रो. विनोद कुमार कोल एवं रसायन की प्रो. प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व में औधोगिक संस्थान ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई , जिला – शहडोल (म.प्र.) का औधोगिक भ्रमण किया गया | इस भ्रमण दल में महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश कुमार दिवेदी ,के साथ ही विभाग अन्य प्रो. अनुपम गौतम ,प्रो. नंदलाल गुप्ता, मनीश पांडेय आदि शामिल रहे | साथ इस भ्रमण दल में शासकीय कन्या महाविद्यालय अनुपपुर की प्रो. डॉ. राजेश्वरी तिवारी भी शामिल रही और सहयोग किया |

इस औद्योगिक भ्रमण दल को वरिष्ठ डॉ. जे . के. संत के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सुबह 9:30 बजे बस के द्वारा ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई के लिए रवाना किया | महाविद्यालय के कुल 50 छात्र \छात्राओ और 07 प्रोफेसर सहित कुल 57 सदस्यों को लेकर यह दल सुबह 11 :00 बजे औद्योगिक सन्थान ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई पहुँचा | प्रवेश सम्बंधित औपचारिकता पूरी करने के बाद इस भ्रमण दल को संस्थान में प्रवेश की अनुमति मिल गई |

ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई के एच. आर . प्रमुख श्री जयंत श्रीवास्तव के द्वारा इस भ्रमण दल का स्वागत किया गया और परिचय प्राप्त किया गया |और एच. आर. विभाग के ही श्री वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी को इस दल को भ्रमण कराने का दायित्व सौपा गया | श्री वीरेन्द्र ने भ्रमण दल को प्लान्ट का भ्रमण कराने से पहले प्लान्ट में कागज का निर्माण कैसे होता है ? और कागज के निर्माण किन-किन रसायनों का प्रयोग किया जाता है | इस सम्बन्ध में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक समझाते हुए, बताया कि कागज के निर्माण में बॉस और नीलगिरी की लकड़ी साथ ही सरकंडे का भी प्रयोग रॉ मटेरियल के रूप में किया जाता है जो स्थानीय कृषको से क्रय किया जाता है जिससे कृषको को लाभ होता है | इसके अलावा मिल्स के द्वारा अपने स्वंम की भूमि में बांस और नीलगिरी के पेड़ लगाए गए है,और साथ ही मिल्स के द्वारा प्रति वर्ष इनके पौधे स्थानीय कृषको को उपलब्ध कराये जाते है | ताकि

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

वे इन पेड़ लगाकर और बिक्री कर अपनी आय को बढ़ा सके। इसके बाद भ्रमण दल ने सर्वप्रथम प्लान्ट के कैमिकल प्रयोगशाला का निरीक्षण किया।

इस प्रयोगशाला के भ्रमण के बाद एच .आर .विभाग के प्रमुख श्री जयंत श्रीवास्तव ने छात्र \छात्राओ मे पुनः मिले और प्लान्ट के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त किया |और महाविद्यालय के छात्र \ छात्राओ के कागज निर्माण के सम्बन्ध में बताया कागज निर्माण में सबसे पहले लकड़ी को एक माह तक पानी डुबाकर रखा जाता है उसके बाद उसे मशीन की सहायता बारीक़ टुकड़ो

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

में काटकर वायलर में उबालकर इसकी लुगदी तैयार की जाती है फिर इस लुगदी को कैमिकल की सहायता से साफ कर रोलर मशीन में लपेटा जाता है और इसमें हीट देकर मशीन से प्रेस करते हुए इसकी नमी को निकाल लिया जाता है इसके बाद यह कागज में परिवर्तित हो जाती है रोलर मशीन में लिपटा हुआ कागज मशीन की सहायता से नीचे उतारकर आवश्कतानुसार और बाजार की मांग अनुसार विभिन्न साइज़ में काटकर डीलर के माध्यम से मार्केट में बिक्री बाजार में उपलब्ध हो जाता है | आगे उन्होंने बताया कि ओरिएंट पेपर मिल्स की स्थापना 1936 में सी . के . बिड़ला ग्रुप के द्वारा की गयी थी

ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई को "WORD ENVIREMENT FOUNDATION (W E F)" द्वारा वर्ष 2006 के लिए " GOLDEN PICOK ENVIREMENT MANEGMENT AWARD " से सम्मानित किया गया | इस प्रकार इस औद्योगिक भ्रमण के माध्यम महविद्यालय के छात्र \छत्राओ ने कागज निर्माण की समस्त प्रकिया को स्वंम देखा और समझा | अंत मे महविद्यालय के भ्रमण दल ने ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई के एच . आर . विभाग के प्रमुख श्री जयंत श्रीवास्तव के आभार प्रकाट किया |

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404



PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)